Title: Reg: Need to expedite completion of the Behta-Aurangabad Rail Project.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत वर्ष 2007 में 326 करोड़ रूपए की लागत से बिहटा-औरंगाबाद नई रेल परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गई और परियोजना का कार्य 2011-12 में पूरा किया जाना था । इस परियोजना से पटना, अरवल, जहानाबाद और औरंगाबाद की जनता लाभान्वित होगी । इस क्षेत्र का अधिकांश भाग अति पिछड़ा और एल.डब्ल्यू.ई. के अधीन है । इस परियोजना के लिए कई बार सर्वेक्षण हुआ और किसानों को भूमि अधिग्रहण के लिए नोटिस भी जारी किया गया, परंतु बताया गया है कि परियोजना की प्राक्कलन राशि 326 करोड़ रूपये से बढ़कर 2800 करोड़ रूपए हो गई । इस संबंध में मेरे द्वारा मामले को कई बार लोक सभा में उठाया गया है और माननीय सांसदों के साथ माननीय रेल मंत्री से परियोजना का कार्य शीघ्र पूरा कराने के लिए व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया गया है ।

संबंधित क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल द्वारा इस परियोजना का कार्य पूरा कराने के लिए धरना प्रदर्शन भी किया गया लेकिन सरकार द्वारा समुचित राशि का आवंटन नहीं करने और अन्य कारणों से परियोजना का कार्य लम्बित है । अधिकारियों की उदासीनता के कारण प्राक्कलन राशि में काफी वृद्धि हो गई है और इस पिछड़े क्षेत्र की जनता को विकास योजना से वंचित करने का कार्य किया गया । मेरा आग्रह है कि बिहटा-औरंगाबाद रेल परियोजना का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।